झारखण्ड राज्य आदिवासी सहकारी विकास निगम लिमिटेड

(अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार का उपक्रम)

प्रथम तल, कल्याण कॉम्प्लेक्स, बलिहार रोड, मोराबादी, रॉची–834008, दूरभाषः (0651)2552398 ईमेल–tcdc.jharkhand@gmail.com

पत्रांक 384 दिनांक : 18.11.2026

आवश्यक सूचना (निविदादाताओं के लिए)

विषय : स्क्रैप के निपटान/नीलामी में संशोधन एवं बोली (Bid) खोलने की तिथि के संबंध में।

एतद् द्वारा सभी संबंधित निविदादाताओं (Bidders) को निदेशानुसार सूचित किया जाता है कि अपरिहार्य कारणों से निगम द्वारा स्क्रैप के निपटान/नीलामी से संबंधित प्रकाशित विज्ञापन संख्या–355 दिनांक 23.10.2026 में निर्धारित किए गए बोली (Bid) खोलने की तिथि को अगले आदेश तक के लिए स्थगित कर दिया गया था। अब नीलामी की शर्तों में निम्नलिखित संशोधनों के साथ निविदा (Bid) खोलने की नई तिथि **23.11.2026 अपराह्न 12:30 बजे** निधारित की गई हैः–

- इस संशोधित नीलामी प्रक्रिया से सभी "स्क्रैप वाहनों" (Scrap Vehicles) को बाहर रखा गया है।
- जो बोलीदाता (Bidder) इन संशोधित शर्तों के साथ इस नीलामी में भाग नहीं लेना चाहते हैं, वे अपनी पूर्व में जमा की गई बोली (Bid) को वापस ले सकते हैं।
- जिन बोलीदाताओं (Bidders) ने पूर्व में "आइटम–वार" (Item-wise) बोली जमा की है, उनकी बोलियों का मूल्यांकन (स्क्रैप वाहनों को छोड़कर) किया जाएगा।
- जिन बोलीदाताओं (Bidders) ने पहले "एकमुश्त" (Lump-sum) बोली जमा की थी, लेकिन वे इस संशोधित नीलामी में भाग लेना चाहते हैं, वे अपनी पुरानी बोली (Bid) को वापस लेकर नई "आइटम–वार" बोली जमा कर सकते हैं।

अन्य सभी नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगी। विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय से संपर्क करें या वेबसाइट पर विजिट करें।

18/11/26

सचिव,
टीसीडीसी, रॉची।